# विधायक द्वारा चिकित्सालय के आकस्मिक निरीक्षण में मिली गम्भीर अनियमितताएँ

## चिकित्सक व कार्मिक मिले अनुपस्थित फिर भी दर्ज कर रखी थी फर्जी उपस्थिति

**मसूदा,** (निसं)। चिकित्सा विभाग अपने कर्तव्यों के प्रति कितना सजक है इसके यद्यपि कई उदाहरण समय-समय पर सामने आते रहते हैं और तो और मसूदा के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में व्याप्त अनिमितताओं से तो कोई अनभिज्ञ भी नहीं है। क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत व उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत द्वारा मंगलवार को मसूदा के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय के किए गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में व्याप्त अनियमियताओं का पिटारा खुलने के बाद चिकित्सा विभाग की अंधेरगर्दी के महत्वपूर्ण सबूत सामने आए हैं।

विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत को मसूदा सामुदायिक चिकित्सालय में व्याप्त अवस्थाओं की शिकायत मिलने पर उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखवात एवं विधायक ने चिकित्सालय पहुंचकर जानकारी लेने पर कई गम्भीर अनियमियताएँ सामने आई। और तो और चिकित्सालय की प्रभारी डॉ भारती शर्मा ही अनुपस्थित मिली। चिकित्सालय में मात्र तीन चिकित्सक उपलब्ध मिले जबकि एक चिकित्सक के अनुपस्थित होने के बावजूद उपस्थिति दर्ज होना सामने आया। इसी प्रकार लेखा शाखा के एक कार्मिक की अग्रिम उपस्थिति दर्ज मिली। उपखण्ड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने कार्मिकों के उपस्थिति पंजिका एवं चिकित्सकों की उपस्थिति पंजिका को कब्जे में लेकर जाँच की। विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत की उपस्थिति में उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने चिकित्सकों एवं कार्मिको के उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण करने के दौरान ओर भी कई प्रकार की अनियमिताएं सामने आई। जबकि



विधायक व उपखण्ड अधिकारी ने निरीक्षण किया।

■ विधायक ने कहा लापरवाही कत्तई नहीं होगी बर्दाश्त, सबको आना पड़ेगा समय पर, लापरवाहों के लिए यहाँ पर नहीं है कोई जगह

अनुपस्थित पाए गए चिकित्सक के बारे में जब यह बात सामने आई कि उक्त चिकित्सक के कई दिनों से अनुपस्थित रहने के बावजूद उपस्थिति दर्ज की जा रही है। इसे लेकर उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने संबंधित चिकित्सक द्वारा मरीजों को लिखी जाने वाली पर्चियां आदि मंगवाकर जाँच की। अनुपस्थित चिकित्सक की पर्चियों में कोई पर्ची नहीँ मिलने से चिकित्सक की अनुपस्थिति पर लगे आरोपों की पुष्टि होना माना जा सकता है।

आश्चर्य तो इस बात का है कि पिछले दिनों 21 जून को विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत द्वारा इस चिकित्सालय के किए गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मिली अनियमिताओं को लेकर विधायक ने चिकित्सालय प्रभारी डॉ. भारती शर्मा को दिए आवश्यक दिशा निर्देश के दौरान चिकित्सालय प्रभारी डॉभारती शर्मा ने विधायक को भविष्य में सभी चिकित्सक उपस्थित रहने का आश्वासन दिया था परंतु चिकित्सालय प्रभारी द्वारा दिया गया आश्वासन मंगलवार को उस समय मात्र आश्वासन बनकर रह गया जब चिकित्सालय में मात्र तीन चिकित्सक ही उपलब्ध मिले औ? अनुपस्थित चिकित्सक की एवं लेखा शाखा के कार्मिक की उपस्थिति दर्ज मिली। और तो और चिकित्सालय प्रभारी भी खुद ही मंगलवार को चिकित्सालय में उपस्थित नहीं मिली। निरीक्षण को लेकर विधायक वीरेंद्रसिंह ने मिली अनियमियताओं के बारे में प्रभावी कार्रवाई करने के उपखंड अधिकारी को निर्देश दिए।

## पौधारोपण साईट की होगी मॉनिटरिंग

**अजमेर,** कासं)। जिले की प्रभारी सचिव अपर्णा अरोड़ा ने जिला प्रशासन द्वारा मानसून के दौरान विकसित विभिन्न पौधारोपण स्थलों की मोनिटरिंग के लिए तरू अजमेर पोर्टल के नवाचार की सराहना की। अरोड़ा ने वीसी के माध्यम से राजस्व अधिकारियों के साथ संवाद किया। जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि जिले की प्रभारी सचिव अपर्णा अरोड़ा ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से राजस्व अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा पौधारोपण मॉनिटरिंग के लिए विकसित तरू अजमेर पोर्टल के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया गया। तरू अजमेर पोर्टल के नवाचार की प्रभारी सचिव द्वारा सराहना की गई। इसे अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय बताया।

उन्होंने बताया कि तरु (ट्री एक्रस रुरल एंड अर्बन) अजमेर पोर्टल मानूसन के दौरान जिले में लगाए गए पौधों की मॉनिटरिंग करेगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण कर अजमेर जिले के हरित आवरण को बढ़ाना है। पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति अपने नाम एवं मोबाईल नम्बर के साथ पंजीयन कर सकता है। पंजीयन के समय व्यक्ति को अपना यूजर आईडी एवं पासवर्ड स्वयं अपनी सुविधा के अनुसार फीड करना होगा।

## सार-समाचार

### मंजू बाघमार अल्पकालीन दौरे पर

**परबतसर,** ( निसं)। राजस्थान सरकार की सार्वजनिक निर्माण एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉक्टर मंजू बाघमार अल्पकालीन दौरे पर परबतसर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल परबतसर की ओर से स्वागत श्री बालाजी रेस्टोरेंट कुचामन रोड (रमेश वैष्णव की होटल पर) मंगलवार को दोपहर 3:00 बजे किया गया है मंत्री बाघमार का शौल एवं पार्टी का दुपट्टा पुष्प भेट कर पार्टी पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया शहर मंडल अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन शहर उपाध्यक्ष नवल मोदी वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल जोशी शहर मंत्री गोविंद प्रजापत गोवर्धन सिंह खोखर पार्षद लियाकत अली समाज सेवी डीके राठी रमेश वैष्णव रामजीवन गोदारा ने पार्टी का दुपट्टा पहना कर मंत्री जी का स्वागत किया।

### बैठक एक जुलाई को

**पुष्कर,** (निसं)। बैठक पालिका सभागार में दोपहर 2:00 बजे आयोजित की जाएगी बैठक में खसरा नंबर 745 में पुलिस के सीआईडी विभाग को 250 वर्ग गज जमीन अलॉटमेंट का प्रस्ताव एवं सिंधिया देवस्थान ट्रस्ट की खसरा नंबर 578, 580, 1072 का कुल क्षेत्रफल 7000 वर्ग मीटर भूमि की 98 ए की कार्रवाई पर विचार किया जाएगा । सावित्री माता के नीचे बनी दुकानों को पालिका की आय बढ़ाने के लिए किराए पर दिया जाने का प्रस्ताव शामिल किया गया है। यह बैठक पालिका अध्यक्ष कमल पाठक की अध्यक्षता में रखी जाएगी।

### आराध्या ने जीता दूसरा स्वर्ण पदक

**शाहपुरा,** ( निसं)। 23 जून से तक तक जयपुर के सवाईमान सिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन शाहपुरा की आराध्या व्यास ने 50 मी ब्रेस्ट स्ट्रॉक में 0:46.67 सेंकेंड देकर नए रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्यागपत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बी.के. कौल नगर योजना अजमेर के आवासीय भूखण्ड संख्या 580 क्षेत्रफल 112.5 वर्गमीटर के आवंटी श्री रमेश चंद्र माहेश्वरी पुत्र श्री बद्रीनारायण माहेश्वरी निवासी परबतसर, नागौर की मृत्यु दिनांक 11/02/2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः (1) श्रीमती इंदु जैथलिया पुत्री स्व. श्री रमेश चंद्र माहेश्वरी निवासी ब्यावर, अजमेर (2) श्रीमती नीलम लखोटिया पुत्री स्व. श्री रमेश चंद्र जैथलिया निवासी ब्यावर, अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री अनिल माहेश्वरी पुत्र स्व. श्री रमेश चंद्र जैथलिया निवासी कांचीपुरम, तमिलनाडु के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 19/06/2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें । उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्यागपत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना के आवासीय / व्यावसायिक भूखण्ड संख्या ए-36 क्षेत्रफल 213.33 वर्गगज के आवंटी / अन्तरिति श्री भंवरलाल पुरोहित पुत्र श्री कैलाश चंद पुरोहित निवासी बलदेव नगर माकड़वाली रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 18/07/2013 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश (1) सुश्री मेघा पुरोहित पुत्री स्व. श्री भंवरलाल पुरोहित निवासी बलदेव नगर माकड़वाली रोड, अजमेर (2) दिव्यांशु पुरोहित पुत्र स्व. श्री भंवरलाल पुरोहित निवासी बलदेव नगर माकड़वाली रोड़, अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती सावित्री पुरोहित पत्नि स्व. श्री भंवरलाल पुरोहित निवासी बलदेव नगर, माकड़वाली रोड, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 10/09/2014 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें । उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की गणेश गुवाड़ी योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या जी-749 क्षेत्रफल 50 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री संजय भार्गव पुत्र श्री ओमप्रकाश भार्गव निवासी 17 आनासागर लिंक रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 23/06/2018 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) प्रतीक भार्गव (2) राघव भार्गव पुत्र स्व. श्री संजय भार्गव निवासी 17 आनासागर लिंक रोड, अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की गणेश गुवाड़ी योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या जी-1054 क्षेत्रफल 50 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती नीता भार्गव पत्नि स्व. श्री संजय भार्गव निवासी 17 आनासागर लिंक रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 12/10/2017 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) प्रतीक भार्गव (2) राघव भार्गव पुत्र स्व. श्री संजय भार्गव निवासी 17 आनासागर लिंक रोड, अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या बी-1054 क्षेत्रफल 90 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती नीता भार्गव पत्नि स्व. श्री संजय भार्गव निवासी 17 आनासागर लिंक रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 12/10/2017 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) प्रतीक भार्गव (2) राघव भार्गव पुत्र स्व. श्री संजय भार्गव निवासी 17 आनासागर लिंक रोड, अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटड़ा योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 1197 क्षेत्रफल 175.50 व.मी. के आवंटी/अन्तरिति श्री संजय भार्गव पुत्र श्री ओमप्रकाश भार्गव निवासी 17 आनासागर लिंक रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 23/06/2018 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) प्रतीक भार्गव (2) राघव भार्गव पुत्र स्व. श्री संजय भार्गव निवासी 17 आनासागर लिंक रोड, अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटड़ा योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 1203 क्षेत्रफल 175.50 व.मी. के आवंटी/अन्तरिति श्री संजय भार्गव पुत्र श्री ओमप्रकाश भार्गव निवासी 17 आनासागर लिंक रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 23/06/2018 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) प्रतीक भार्गव (2) राघव भार्गव पुत्र स्व. श्री संजय भार्गव निवासी 17 आनासागर लिंक रोड, अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुनिल पाण्डे, सचिन पाण्डे पुत्रगण कमल किशोर पाण्डे निवासी लाखन कोटड़ी, अजमेर की ग्राम बोराज के वकिंग खसरा नम्बर 783 मे क्षेत्रफल 198.66 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड की भूमि आवेदक ने श्री निर्मला जैन पत्नि पदमचन्द जैन से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.09.2023 से प्राप्त की है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र मे विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धधारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.**

क्रमांक /न.प.कि./PWC/2024/226 दिनांक: 24-6-2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि 1. श्री बेनीगोपाल सोनी पुत्र श्री चतुर्भुज सोनी 2. श्रीमती संतोष सोनी पत्नि श्री बेनीगोपाल सोनी राजस्व ग्राम मदनगंज, खसरा संख्या 379 भूखण्ड सं. ई-24 का कुल क्षेत्रफल 228.33 वर्गगज 'अग्रसेन विहार' मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है:-

पूर्व में - भूखण्ड सं. ई-19 पश्चिम में - 30.0 फीट रास्ता

उत्तर में - भूखण्ड सं. ई-25 दक्षिण में - भूखण्ड सं. ई-23

अत: उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

आयुक्त नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.**

क्रमांक- न.प.कि/कृ.भूमि/2024/246 दिनांक: 24/06/2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 1455/386, 1452/386 पर स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 11 में से उत्तर दिशा की तरफ विखण्डित क्षेत्रफल 60.31 वर्गगज एवं भूखण्ड संख्या 12 क्षेत्रफल 118.75 वर्गगज इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 179.06 वर्गगज) पर 1. श्री दिनेश चन्द्र विजय पुत्र श्री रामरतन विजय 2. श्रीमती प्रीति पत्नि श्री परितोष विजयवर्गीय ने आवेदन प्रस्तुत कर एकीकरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में - 30 फीट चौड़ा रास्ता पश्चिम में - एवरेस्ट कॉलोनी के भूखण्ड

पश्चिम में - 30 फीट चौड़ा रास्ता दक्षिण में- आवासीय भूखण्ड संख्या 11 में विखण्डित भूखण्ड

अत: उक्त एकीकरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.**

क्रमांक- न.प.कि/कृ.भूमि/2024/244 दिनांक: 24/06/2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 1455/386, 1452/386 पर स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 11 क्षेत्रफल 121.16 वर्गगज मे से उत्तर दिशा की तरफ विखण्डित क्षेत्रफल 60.31 वर्गगज) पर 1. श्री दिनेश चन्द्र विजय पुत्र श्री रामरतन विजय 2. श्रीमती प्रीति पत्नि श्री परितोष विजयवर्गीय ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है।उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में - 30 फीट चौड़ा रास्ता पश्चिम में - एवरेस्ट कॉलोनी के भूखण्ड

पश्चिम में - 30 फीट चौड़ा रास्ता दक्षिण में- आवासीय भूखण्ड संख्या 11 में विखण्डित भूखण्ड

अत: उक्त उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़


## राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। जिले के राजस्व मामलों की प्रगति के सम्बन्ध में मंगलवार को जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक का आयोजन वीसी के माध्यम से किया गया।

जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने कहा कि राजस्व प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करें। भूमि सम्बन्धी नामांकरण समयबद्ध रूप से नियमानुसार करें। राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए कोर्ट डे की संख्या बढ़ाएं। पुराने लम्बित प्रकरणों को विशेष प्राथमिकता के साथ निस्तारित करें। भू-संपरिवर्तन के प्रकरणों में निर्धारित बिन्दुओं के आधार पर जांच करें। इन्हें दो माह की समय सीमा में निस्तारित करें। इस समय सीमा में प्रकरण को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत कर प्रकरण निस्तारित करें। भू-संपरिवर्तन के लिए आवश्यक एनओसी स्पष्ट रूप से लेनी होगी। उन्होंने कहा कि धारा-90ए एवं बिना अनुमति कृषि से गैर कृषि उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करें। बैठक में गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। इन प्रकरणों को क्षेत्राधिकार के अनुसार निस्तारित करें। विभिन्न न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों के लिए पत्रावलियां मंगाए जाने पर समय पर भिजवाएं।

■ बैठक में गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरणों की समीक्षा की गई

## भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बैठक

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर के प्रेम प्रकाश आश्रम में एक बैठक आयोजित कर आम जन को जागृत किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद लोगों से रूबरू होकर बताया कि राजस्थान सरकार की पहल पर पुलिस विभाग की ओर से भ्रष्टाचार रोकने के लिए एक अलग से विभाग है कोई भी व्यक्ति के खिलाफ भ्रष्टाचार करने पर शिकायत दर्ज कर सकता है । इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1064 शिकायत करने की कही बात बताई । गांव गांव ढाणी ढाणी लोगो को कर रहे जागृतकिया जा रहा है। पुष्कर के प्रेम प्रकाश आश्रम में शिविर लगाकर किया जागृत किया गया जिसमें स्थानीय लोग पुलिस विभाग मीडिया एवं वरिष्ठ जनो ने भाग लिया। सरकार की अनोखी पहल से भ्रष्टाचार काम भी होगा औरलोगों को राहत मिलेगी।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एएसयूआई का प्रदर्शन

**अजमेर,** (कासं)। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एनएसयूआई के छात्र नेता लक्की जैन के नेतृत्व में मंगलवार छात्रों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अधिक फीस लेने, वाईफाई की सुविधा नहीं होने और रेगुलर क्लास नहीं लगने को लेकर छात्रों ने हंगामा करते हुए महाविद्यालय का गेट बंद करने को लेकर पुलिस से नोंक झोंक हो गई। जिसके बाद छात्रों ने ब्यावर मार्ग पर जाम लगाने के लिए एकत्रित हुए लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश कर प्रदर्शनकारियों को मार्ग से हटाया।

एनएसयूआई के छात्र नेता लक्क जैन के नेतृत्व में मंगलवार को तीन सूत्रीय मांगों अधिक फीस लेने, वाईफाई की सुविधा नहीं होने और रेगुलर क्लास नहीं लगने को लेकर छात्रों ने हंगामा कर किया। प्रदर्शनकारी छात्र जब एसपीसीजीसीए कॉलेज का मुख्य गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया, जिससे प्रदर्शनकारी छात्र और उठा हो गए, जिसके चलते पुलिस से धक्की मुक्की हुई। छात्र नेता व छात्रों ने इसके पश्चात नारेबाजी की और प्राचार्य कक्ष तक पहुंचे, जहां प्राचार्य को ज्ञापन सौंप कर उचित समाधान की मांग की है।



छात्रों ने महाविद्यालय में विरोध प्रदर्शन किया।

## 'रॉयल' की नवीन कार्यकारिणी गठित

**बिजयनगर,** (निसं)। लियो क्लब बिजयनगर रॉयल द्वारा क्लब की साधारण सभा का आयोजन कर निर्विरोध नवीन कार्यकारिणी का गठन किया ।जिसमे अध्यक्ष पद पर शुभम छाजेड़, सचिव पद पर अंकुश जैन,कोषाध्यक्ष पद पर शशांक चोपड़ा को मनोनीत किया गया। लायंस व लियो क्लब के सदस्यों द्वारा नवीन कार्यकारिणी का माला, दुपट्टा, साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट लिओ कोर्डिनेटर अमित लोढ़ा, लिओ प्रांतीय अध्यक्ष नवीन चोपड़ा, लिओ कनवीनर अनिल भंडारी,लायन सुरेंद्र सिंघवी, लियो क्लब अध्यक्ष मोहित कावड़िया, सचिव संस्कार जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जोगड, विमर्श जैन, शुभम छाजेड़ ,निखिल जैन, नितिन चपलोत, मोहित पाटोदी, शशांक जैन, शुभम जैन, पंडित कपिल शर्मा, हर्षित नाबेडा, मंदीप जैन, पुनीत जैन, विकास गोखरू, सौरभ बांठिया, अंकुश जैन, ऋषभ नाहर आदि मौजूद रहे।

## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठी का आयोजन

**ब्यावर,** (निसं)। आपातकाल का काला दिवस आयोजन के प्रभारी बृजकिशोर शर्मा ने बताया है कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आ ान पर प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार सभी जिलों केंद्रों में 25 जून को आपातकाल का काला दिवस की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने कहा की कांग्रेस की सत्ता की लालसा के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा जिस प्रकार न्यायालय के आदेश के बाद भी प्रधानमंत्री की कुर्सी न छोड़ देश को 1975 से 1977 तक 21 माह की अवधि में आपातकाल लगा दिया और संविधान की हत्या कर विपक्ष एवं चौथे स्तंभ प्रेस मीडिया को कुचलकर लोकतंत्र समाप्त कर तानाशाही राजतंत्र का काम किया। कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान को खत्म करने का काम किया है। साथ ही तत्कालीन भारतीय जनसंघ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाने के लिए अपने जीवन को आहुत कर दिया था। कांग्रेस ने तो हमेशा जाति व वर्गों को आपस में ही हमेशा से लड़वाया है। जबकि आज देश में पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसी सरकार है। जो देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और भारतीय संविधान को पूरे विश्व और देशभर में मान सम्मान दिलवा रही है। भाजपा द्वारा प्रतिवर्ष यह काला दिवस मनाया जाता है। कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र का अपमान किया है। इसके साथ ही सभी अतिथियों ने भी आपातकाल के विरोध में अपने विचार व्यक्त किए। मण्डल महामंत्री सन्तोष जाठात ने बताया की इस वर्ष भी 25 जून को जिलास्तरीय कार्यक्रमों में विषय प्रतिपादन हेतु ब्यावर जिला स्तर पर श्री राघव गार्डन सभागार में आपातकाल संगोष्ठी में अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा के मुख्य आतिथ्य में तथा जिला प्रभारी सुभाष वर्मा, सहप्रभारी नरेन्द्र सिह रावत आदि को सम्मानित किया।

## पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न

**बिजयनगर,** (निसं)। सेवा भारती बिजयनगर की इन्द्रा कॉलोनी बस्ती में संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समस्त बच्चों को पुरस्कार वितरण किया। शेष उतीर्ण बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। उक्त प्रतियोगिता में पूजा भील व आरती भील दोनों बहिनों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम,अंतिमा टेलर व सुमन दरोगा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवम 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लक्षिता लोहार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ! पुरस्कार प्राप्त करने पर बच्चों ने हर्ष व्यक्त किया तथा तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। बच्चे पुरस्कार पाकर अति उत्साहित थे। सेवानिवृत इसी वर्ष सेवा भारती से जुड़े बद्रीनारायण मिश्रा ने बच्चों को सदा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पुरस्कार वितरण के अवसर पर सेवा भारती के जिला सह मंत्री लोकेश वर्मा,अध्यक्ष लक्ष्मण लाल शर्मा, मंत्री सूर्यप्रकाश बघेरवाल, कोषाध्यक्ष एल एन शर्मा, बच्चों के अभिभावक रवि भील आदि मौजूद रहे।

## 'लोकतंत्र की मजबूती के लिए एकजुट होकर प्रयास करें'

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि आपातकाल की घटना निश्चित रूप से लोकतंत्र का गला घोटने वाली स्थिति थी। उस दौरान के 19 महिने तक लाखों लोग जेल में बंद रहे। आज भी इस घटना के स्मरण से लगता है कि हम सभी को मिलकर लोकतंत्र को मजबूत करने की पहल करनी चाहिए। ऐसा वातावरण बनाना चाहिए ताकि ऐसी घटना दुबारा न घटित हो। इसके लिए हमे संकल्प भी लेना होगा।

देवनानी ने कहा कि सभी भारतवासियों को अपना पक्ष-विपक्ष छोडकर संविधान की मजबूती के लिये प्रयास करने होंगे। भविष्य में लोकतंत्र के साथ ऐसा खिलवाड कभी न हो, इसकी व्यवस्था संविधान में हुई है। इस व्यवस्था की भविष्य में मजबूती बनाये रखने के लिये सभी को अपना पक्ष-विपक्ष छोडकर एक जुट होना होगा।

देवनानी ने कहा कि संविधान हमारा मार्ग दर्शक है। संविधान से हमारा लोकतंत्र मजबूत है। संविधान के तहत सभी कार्य होने चाहिए। सरकारें आती है, जाती है। दल भी आते और जाते रहेंगे, लेकिन राष्ट्र प्रमुख होना चाहिए, संविधान का सम्मान होना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिये हम सभी को संकल्प लेना चाहिए।

■ आपातकाल पर बोले देवनानी, ऐसी घटना देश में दोबारा ना हो, इसके लिये लेना होगा संकल्प

देवनानी ने कहा कि देश में अनेक संस्थाए इस दिवस को मना रही है। राज्य में भी आज लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान हो रहा है। उन लोंगो ने उस वक्त देश के लिये, संविधान के लिये और राष्ट्र की एकता के लिये प्रयास किये, संघर्ष किया, आज उनका सम्मान किया जा रहा है।


**नाम परिवर्तन**

मेरा पुराना नाम चम्पा नागौरी था जबकि प्रामाणिक दस्तावेजो में चम्पा दर्ज है जो सही है भविष्य में इसी नाम से जाना जावे में चम्पा पत्नी सुखदेव जोया निवासी डीडवाना जिला नागौर

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना Basant kaur से बदलकर Basant kanwar रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए- Basant kanwar W/O Raghuraj singh, आदर्श नगर, अजमेर

**NAME CHANGE**

I, SPOORTI Spouse of Army No.14859833Y, Rank :- SEP (MT), Name:- BASAVARAJ HALAPPA SHEBANNAVAR, Residing At VILL:- KHANAGAON, POST:- KHANAGAON, TEHSIL:- GOKAK, Dist:- BELAGAVI, State:- KARNATAKA, Pin:- 591344 have change my Name from SPOORTI to SPOORTI BASAVARAJ SHEBANNAVAR vide Affidavit No. BW247426 Dated 25/06/2024 before Court campus Nasirabad

**आम सूचना**

मेरी पुत्री माया घासीराम नवल पुत्री घासीराम नवल जाति रेगर निवासी रेगरान मोहल्ला सलेमाबाद तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 23 जनवरी 2017 को निवास स्थान पर हो गई, इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। प्रार्थी- मुत्री पत्नी घासीराम नवल सलेमाबाद


## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

**अजमेर,** (कासं)। सांई बाबा मंदिर उदय नगर स्थित श्री बालाजी फार्म हाउस में चल रही संगीतमय श्रीभागवत कथा में मंगलवार को कथा के व्यास पंडित दिनेश गुरु ने श्री सुखदेव जी महाराज का जन्म महोत्सव एवं अभिमन्यु एवं उत्तरा के गर्भ से राजा परीक्षित का जन्म का व्याख्यान विस्तार से सुनाया। भक्त से आग्रह किया कि प्रत्येक भागवत प्रेमी अपने अपने माता पिता गुरुदेव की सेवा करके परम लाभ कमाए एवं परोपकार करके अपने जीवन को धन्य करें। आयोजक श्री हनुमत कृपा सेवा समिति के तत्वाधान में मुख्य यजमान ज्ञानेंद्र सिंह ने व्यास पीठ का पूजन किया कथा वाचक पंडित दिनेश गुरूजी ने सभी भक्तों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में आकर के भागवत कथा रस का पान करें।

श्रीराम सेवा समिति के मीडिया प्रभारी रमेश लालवानी ने बताया कि कथा में सबकी खुशहाली और हरियाली की प्रार्थना की। श्री हनुमत कृपा सेवा समिति के ब्रजमोहन लढढ़ा, नरेंद्र गोयल, मयंक प्रजापति, गजेंद्र सिंह चौहान, प्रवीण वाधवानी, बाबूलाल राव, राजेश विजयवर्गीय, अनिल दीक्षित सहित अन्य सभी ने भक्त मण्डली के द्वारा व्यास पीठ का पूजन कर सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। प्रतिदिन कथा का आयोजन दोपहर 3 से 6 बजे तक आयोजित की जा रही है।

# जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज को मिला एक ओर देहदान

## स्व.सिंघवी के बॉडी लेकर कॉलेज पहुंचे परिजन

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर हरिभाऊ उपाध्याय नगर कोटड़ा निवासी सिंघवी परिवार की ओर से मंगलवार को अपनी 91 वर्षीय माताजी रूप कंवर की मौत के बाद उनकी अंतिम इच्छा के अनुरूप देह को जेएलएन मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि देहदान के योगदान से मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्रों को उनकी पढ़ाई में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

जैन सोशल ग्रुप मार्बल अजमेर के मुकेश करनावट ने बताया कि मंगलवार को कोटड़ा निवासी मृत रूपकंवर सिंघवी के पुत्र ने उनसे संपर्क किया था। करनावट ने कहा कि रूपकंवर सिंघवी की देह को लेकर जेएलएन मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां, मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.धर्मेंद्र नागपाल को देह सौंपी गई है। इस अवसर पर डॉ.नागपाल ने कहा कि सिंघवी का देहदान एक सराहनीय कदम है जो मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मेडिकल छात्रों के लिए मानव शरीर की संरचना और कार्यप्रणाली को समझने के लिए वास्तविक शारीरिक संरचनाओं पर अध्ययन करना आवश्यक होता है।

इस प्रकार की शैक्षिक सामग्री का आभाव होने पर छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। देहदान से न केवल छात्रों को बेहतर शिक्षा मिलती है, बल्कि भविष्य में बेहतर चिकित्सक बनने में भी सहायता मिलती है। कॉलेज प्रशासन ने सिंघवी परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा रूप कंवर सिंघवी का देहदान हमारे छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। छात्रों को मिलने वाली सुविधा देहदान से छात्रों को शरीर रचना विज्ञान, पैथोलॉजी और अन्य चिकित्सा विषयों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों की शिक्षा में गहराई और सटीकता आएगी, जिससे वे बेहतर चिकित्सक बन सकेंगे। देहदान के प्रति जागरूकता रूप कंवर का यह कदम समाज में देहदान के प्रति जागरूकता फैलाने में भी मदद करेगा। सिंघवी परिवार के सदस्यों का कहना रहा कि उनकी माताजी ने अपने जीवन काल में ही देहदान का संकल्प लिया था। माताजी जीवन भर दूसरों की सेवा करती रही और अपने निधन के बाद भी अपनी देह को चिकित्सा शिक्षा के लिए दान कर समाज की सेवा की।




मेडिकल कॉलेज को देहदान करते परिजन व इनसेट में मृतका का फाइल फोटो।